Regarding pollution in Indira Gandhi Canal caused by industrial waste-laid

श्री हनुमान बेनीवाल **(नागौर) :** इंदिरा गांधी नहर पंजाब राज्य में सतलुज नदी के साथ ब्यास नदी के संगम से कुछ किलोमीटर दूर हरिके बैराज से शुरू होती है और राजस्थान के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में थार रेगिस्तान में समाप्त होती है जिसका उपयोग सिंचाई और पेय जल के उद्देश्य से किया जाता है । हरिके बैराज से राजस्थान की नहरों में आने वाला पानी पंजाब के औद्योगिक अपशिष्ट से अत्यधिक प्रदूषित हो चुका है, इस दूषित पानी का उपयोग सिंचाई के लिए करने से फसलों की गुणवत्ता और उत्पादकता पर बुरा असर पड़ रहा है, कई स्थानों पर खेतों की मिट्टी बंजर होती जा रही है साथ ही, इस पानी के पीने योग्य न होने के कारण एक दर्जन जिलों में लोगो को कैंसर, अस्थि विकार सहित कई बीमारियों से पीड़ित हो गए, पंजाब एसपीबीसी को निर्धारित निर्वहन मानकों को पूरा करने और चार स्थानों पर साझा अपशिष्ट शोधन यंत्रों के लिए मंजूरी की बात सरकार ने कही । मैं मांग करूँगा कि इन शोधन यंत्रों की शीघ्रता से स्थापना जल्द हो परन्तु केंद्र सरकार पंजाब सरकार को निर्देशित करे कि अपशिष्ट को शोधन करके भी नहरों में नहीं डाले, नहरो में किसी प्रकार का कोई भी नाला, अपशिष्ट नहीं आए इसके लिए कठोर नीति बनाई जाए ।

____

13.10 hrs